

दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्ष: 19, अंक: 182 ■ दमण, मंगलवार 16 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट


## भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने शक्ति प्रदर्शन कर दमण-दीव सीट पर किया नामांकन

■ मोटी दमण फुटबॉल ग्राउंड से भाजपा उम्मीदवार सांसद लालू पटेल ने जनता-जनार्दन की शुभेच्छा लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य रैली निकालकर अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे ■ निर्वाचन अधिकारी सौरभ मिश्रा के समक्ष भाजपा उम्मीदवार सांसद लालू पटेल ने अपना नामांकन किया ■ नामांकन से पहले रैली में संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी, सहप्रभारी दुष्यंत पटेल, भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल, भाजपा सचिव जिज्ञेश पटेल, उपाध्यक्ष महेश गावित और नवीन पटेल, डीएमसी के पूर्व अध्यक्ष मनोज नायक, मुकेश पटेल और जयंती पटेल, दमण जिला भाजपा प्रमुख अस्पी दमणिया, दमण जिला पंचायत प्रमुख जागृति पटेल, दीव जिला पंचायत प्रमुख रामजी भीखा, उपप्रमुख लक्ष्मी मोहन, दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमणे, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा सिंपल टंडेल, दमण जिला भाजपा युवा मोर्चा प्रमुख गौरांग पटेल, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा प्रमुख विशाल पटेल, भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरीश पटेल, जनरल सेक्रेटरी भरत पटेल, सरपंचों में शंकर पटेल, शांतू पटेल, मुकेश गोसावी, सविता पटेल, उवर्शी पटेल, लखी प्रेमा, प्रीति हलपति, डीएमसी वाइस प्रेसिडेंट रश्मी हलपति, काउंसिलरों में सोनल पटेल, अनिता पटेल, जसविंदर कौर, चंद्रगिरी टंडेल, आशीष टंडेल, विनय पटेल, सोहिना पटेल, जिला पंचायत सदस्यों में सुनीता हलपति, बाबू पटेल, उपसरपंच सतिष पटेल एवं संजय पटेल, अशोक पटेल, पूर्व भाजपा अध्यक्ष बी. एम. माछी एवं बालू पटेल, भाजपा महामंत्री जीतू माढा एवं सुनील पाटिल, दमण-दीव जिला पंचायत की पूर्व प्रमुख तरुणा पटेल, अलिशा गौरांग पटेल, आदिवासी नेता भाविक हलपति, सिलवासा म्युनिसिपल के पूर्व प्रेसिडेंट राकेश सिंह चौहाण, डीडीए चेयरमैन लखम टंडेल, सेक्रेटरी कैलाश शर्मा, अल्पेश उपाध्याय, प्रकाश टंडेल, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री वसीम सैयद, जीगर पटेल, अम्रत पटेल, विष्णु सोरठी, कल्पेश पटेल, जयेश पटेल, विमल पटेल, किरीट दमणिया, शामजी प्रेमजी, मनीष पटेल, विजय पटेल, गुलाब पटेल (कचीगाम), निमेश भंडारी, कल्पेश सीताराम, छोटू पटेल, प्रमोद दमणिया, महेन्द्र कामली, महेश पटेल, रिकेन पटेल, भाविक (जेमु) पटेल, दिलीप नरसैम, चीनु पटेल, शीतल पटेल सहित बडी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं, चुने हुए जनप्रतिनिधियों, समाज के अग्रणियों एवं युवाओं की रही उपस्थिति



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 15 अप्रैल। दमण-दीव लोकसभा सीट से आज भाजपा उम्मीदवार सांसद लालू पटेल ने शक्ति प्रदर्शन के साथ अपना नामांकन भरा। सुबह 11 बजे से मोटी दमण फुटबॉल ग्राउंड पर सांसद लालू पटेल के समर्थकों एवं भाजपाईयों का आना शुरु हो गया था। सबसे पहले भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने बडी संख्या में उपस्थित जनता-जनार्दन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद लिया। उन्होंने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और अबकी बार 400 पार भाजपा और एनडीए की सीटों को पहुंचाना है। लालू पटेल ने कहा कि दमण-दीव लोकसभा सीट से मुझे जो टिकट मिली है वह टिकट आपकी ही है। इस अवसर पर भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल के नामांकन के अवसर पर आप बडी संख्या में जो आये हो वह 4 जून को भाजपा की जीत का ट्रेलर है। उस दिन सभी दमण-दीव वासी सडकों पर उतरकर जीत का भव्य जश्न मनायेंगे। उन्होंने भी अबकी बार 400 पार का जयघोष कराया। इस अवसर पर भाजपा के सहप्रभारी दुष्यंत पटेल और दीव से अपनी पूरी टीम के साथ नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने आये दीव जिला भाजपा प्रमुख मोहन लकमणे ने भी लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा की जीत सुनिश्चित होने का दावा किया। मोटी दमण फुटबॉल ग्राउंड से भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल गाजे-बाजे के साथ भव्य रैली निकालकर नामांकन करने पहुंचे। उसके बाद भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया।

## दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर आज करेंगी नामांकन

■ दादरा नगर हवेली भाजपा कार्यालय अटल भवन से भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर सुबह 10 बजे नामांकन के लिए होंगी रवाना



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 15 अप्रैल। दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट पर आज भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर नामांकन करेंगी। भाजपा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि दादरा नगर हवेली लोकसभा सीट की भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर 16 अप्रैल को अपना नामांकन करेंगी। सिलवासा स्थित भाजपा कार्यालय से सुबह 10 बजे नामांकन करने के लिए भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर रवाना होंगी। इसके पहले भाजपा कार्यालय अटल भवन पर भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाज के अग्रणियों एवं भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर के समर्थक इकट्ठा होंगे। इसके बाद भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर नामांकन करने सिलवासा कलेक्ट्रेट पहुंचेंगी।

## दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का हुआ चयन

■ पहली बार आर. के. नायर को दी गई इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के महासचिव पद की जिम्मेदारी



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 15 अप्रैल। दादरा नगर हवेली में पिछले कई दशकों से औद्योगिक हितों की रक्षा एवं उनके द्वारा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में काम करने वाली औद्योगिक संस्था दादर नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का चुनाव एवं चयन प्रक्रिया संपन्न कर लिया गया है। जिसमें पहली बार प्रदेश के प्रमुख उद्योगपति और शिक्षाविद आर. के. नायर को दादरा नगर हवेली औद्योगिक संगठन के महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिन पहले ही दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत यादव को एक बार फिर से सिलवासा फेडरेशन इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में नये शिरे से अपने पदाधिकारी का चयन किया है। इसके लिए चुनाव प्रक्रिया भी अपनाई गई है। जिसके तहत वाइस प्रेसिडेंट के लिए राजेश दुग्गर के साथ-साथ चार अन्य व्यक्तियों को भी संगठन के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें डॉ. रत्नाकर सिल्के, ए. जी. वोहरा, राहुल अहीरे, पी. टी. वेणुगोपालन तथा महासचिव पद के लिए सर्वसम्मति से आर. के. नायर को चुना गया। वहीं संयुक्त सचिव के लिए मोहन त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष के लिए प्रभाकर गर्ग, अध्यक्ष एडवाइजरी बोर्ड के लिए राजन अग्रवाल, अध्यक्ष ह्युमन कैपिटल सेल के लिए सुरेंद्र राय, एग्जीक्यूटिव कमेटी में मुरलीधर नायर तथा हीरक त्रिवेदी को शामिल किया गया है। इस संबंध में दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के नवनियुक्त महासचिव आर. के. नायर ने बताया कि दादरा नगर हवेली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संविधान के अनुसार सभी पदाधिकारी के लिए चुनाव प्रक्रिया बनाई गई और चुनाव के द्वारा चयनित किए गए सभी पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है। क्योंकि आने वाले दिनों में इंडस्ट्रीज एसोसिएशन दादरा नगर हवेली के सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक तथा पारंपरिक उत्थान की दिशा में काम करने के साथ-साथ औद्योगिक हितों की सुरक्षा एवं औद्योगिकीकरण में भी अपनी प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तत्पर होने वाली है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत दादरा नगर हवेली निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम ने आयोजित किये अनेक कार्यक्रम



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 15 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दादरा नगर हवेली जिले के निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा व्यवस्थित मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियांक किशोर, रिस्पोंसिबल ऑफिसर शुभांकर पाठक, निवासी उपसमाहर्ता (खानवेल) तथा रिस्पोंसिबल ऑफिसर एवं चीफ ऑफिसर (सिलवासा नगरपालिका), संग्राम शिंदे के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत दपाड़ा डुंगरीपाड़ा की आंगणवाड़ी वर्करों के साथ-साथ हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड दपाडा के स्टाफ को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए वोटर हेल्पलाइन, वोट के दिन ले जाने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों मतदान से संबंधित जानकारी हेतु 1950 तथा 1077 द्वारा दी जाने वाली सेवाएं, सी विजिल एप और वोट के महत्व की जानकारी दी गई। स्वीप टीम द्वारा सोशल मीडिया के अंतर्गत इंस्टाग्राम (sveepdnh2024) और फेसबुक पर भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाती है, जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। यहां के प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक को फॉलो करें और अधिक से अधिक संख्या में इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए मतदान संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तथा 7 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दें।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न: जीएनएलयू सिलवासा के छात्र छात्रवृत्ति और यूजीसी नेट की सफलता के साथ चमके





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 15 अप्रैल। गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी सिलवासा के दो छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर अपने संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए विशिष्ट उपलब्धियों से सम्मानित किया गया है। एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद जीएनएलयू सिलवासा में बीए एलएलबी कार्यक्रम की पढ़ाई कर रही दिवी सुप्रजा और पावनी सिंह को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए रिलायंस फाउंडेशन अंडरग्रेजुएट छात्रवृत्ति के प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया है। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति में प्रत्येक स्कॉलर को 2 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता शामिल है। वित्तीय सहायता के अलावा इन छात्रों को पूर्व छात्रों के जीवंत नेटवर्क में शामिल होने के साथ-साथ कौशल विकास और व्यक्तिगत विकास के व्यापक अवसरों से भी लाभ होगा। मूल रूप से आंध्र प्रदेश की रहने वाली दिवी सुप्रजा और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की पावनी सिंह ने असाधारण शैक्षणिक कौशल और नेतृत्व गुण दिखाए हैं। उत्तर प्रदेश के बस्ती के एक दूरदराज के गांव से आने वाले और जीएनएलयू सिलवासा में एलएलएम कार्यक्रम के छात्र दिनेश मिश्रा ने अपने पहले प्रयास में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) पास करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि जीएनएलयू सिलवासा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि दिनेश मिश्रा यह उपलब्धि हासिल करने वाले संस्थान के पहले छात्र हैं। उनकी सफलता ने अब उनके लिए नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी सहित लॉ कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त होने का द्वार खोल दिया है। जीएनएलयू सिलवासा के पहले बैच का प्रतिनिधित्व करने वाली दिवी सुप्रजा, पावनी सिंह और दिनेश मिश्रा की अनुकरणीय उपलब्धियां भविष्य की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करेंगी और उन्हें अटूट दृढ़ संकल्प और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेंगी।

# खारीवाड की जरीमरी माताजी का 17वां पाटोत्सव और नीलकंठ महादेवजी का 16वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 15 अप्रैल। खारीवाड विस्तार स्थित जरीमरी माताजी मंदिर का 17वां और नीलकंठ महादेवजी मंदिर का 16वां पाटोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। चैत्र सुद सप्तमी को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माताजी का नवचंडी यज्ञ और शिवजी का अभिषेक एवं पूजन किया गया। इस अवसर पर दोपहर 1 बजे महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर महाप्रसाद का लाभ लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन में डीएमसी के पूर्व प्रेसिडेंट जयंती पटेल और उनकी टीम ने पूरा सहयोग दिया।

# दीव जिले में रामनवमी को लेकर तैयारियां शुरु




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 15 अप्रैल। दीव जिले में बुधवार 17 अप्रैल को रामनवमी का त्यौहार मनाया जाएगा, जिसे लेकर दीव जिले में विभिन्न तैयारियां चल रही हैं। जगह-जगह बैनर लगाकर पूरे हिंदू समुदाय द्वारा हर्षोल्लास के साथ रामनवमी मनाने की तैयारी की जा रही है। भगवा रंग के झंडे, सड़कों पर भगवा द्वार, मंदिरों की सफाई, सजावट आदि किये जा रहे है। रामनवमी के दिन दीव में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए जायेंगे। रामनवमी उत्सव को यादगार बनाने के लिए लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।

# दमण फिश मार्केट में मछली बेचने वाली महिलाओं ने की पूजा




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 15 अप्रैल। दमण फिश मार्केट में आज मछली बेचने वाली महिलाओं ने पूजा की। दमण के नये फिश मार्केट में मछली बेचने वाली महिलाओं ने आज सामुहिक पूजा आयोजन किया था। जिसमें मछली बेचने वाली सभी महिलाओं ने शामिल होकर विधिवत पूजा की और अपने व्यवसाय में उन्नति की कामना की।







# दीव पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब और मोटर साइकिल के साथ किया गिरफ्तार



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 15 अप्रैल। दीव पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब और एक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। दीव पुलिस द्वारा जारी प्रेसनोट में बताया गया है कि 14/04/2024 को लगभग 18:45 बजे हेड कांस्टेबल जितेंद्र पंड्या के नेतृत्व में क्राइम टीम ने दीव जिला क्षेत्र में एक वाहन गश्ती की। दीव अपराध शाखा से जुड़े पीसी केतन राठौड़ और पीसी केयूर सोलंकी सहित अधिकारियों की टीम दीव जिला क्षेत्र में वाहन गश्त ड्यूटी पर थी। घोघला जेटी में गश्त के दौरान उनका सामना कनकबरदा में रहने वाले 27 वर्षीय राठौड़ त्रिपालसिंह नामक व्यक्ति से हुआ। इस व्यक्ति को उत्पाद शुल्क विभाग से पास या परमिट के बिना भारतीय निर्मित विदेशी शराब स्टॉक के अवैध कब्जे के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया था। वे शराब को अपने वाहन मोटर साइकिल नंबर जीजे 32 एल 6114 में गुजरात की ओर ले जाने के इरादे से लोड कर रहा था। नतीजतन पुलिस उन्हें दीव पुलिस स्टेशन ले आई। एक वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश के बाद शराब का स्टॉक जिसमें 19 बोतलें (3.5 लीटर) थीं, जिनकी कीमत 885 रुपये और मोटर साइकिल एक बजाज पल्सर जिसकी अनुमानित कीमत 40,000 रुपये की राशि को गिना गया, उनके वास्तविक मूल्य का सत्यापन किया गया और आगे के निपटान के लिए उत्पाद शुल्क विभाग को सौंप दिया गया। जप्त की गई वस्तुओं के उचित निपटान की सुविधा के लिए उत्पाद शुल्क विभाग दीव के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई थी।

# संभावित हीटवेव से निपटने महत्वपूर्ण आठ विभागों को संलग्न कर राज्य सरकार का एक्शन प्लान तैयार

गांधीनगर (ईएमएस)। राज्य में आगामी समय में संभावित हीटवेव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर पर अग्रिम आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। गांधीनगर में मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर आयोजित इस बैठक में राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने कहा कि गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) ने संभावित हीटवेव का सामना करने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है। हीटवेव का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण आठ विभागों को संलग्न कर यह एक्शन प्लान तैयार किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, श्रम एवं रोजगार विभाग, जलापूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, ऊर्जा विभाग, परिवहन विभाग, शहरी विकास एवं पंचायत विभाग को संलग्न कर विस्तृत एक्शन प्लान तैयार किया गया है।हीटवेव की स्थिति में नागरिकों को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसकी गाइडलाइन्स तथा एक्शन प्लान के विषय में विवरण राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से सभी 33 जिलों के प्रशासन को प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने हीटवेव के विरुद्ध नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न विभागों को दी गई गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने तथा एक्शन प्लान को पूरी तरह लागू करने का निर्देश दिया।

स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)